RAF SECTOR

NEWS CLIP

15/11/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Prayagraj(UP)

फाफामऊ में बाल दिवस की धूम

फाफामऊ (संवाद)। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर क्षेत्र के स्कूल कालेजों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पंडिला के मांटेसरी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों को डीआईजी मनीष कुमार सच्चर ने पुरस्कृत किया। इसी प्रकार आरएएफ 101 बटालियन शांतिपुरम के मांटेसरी स्कूल के छात्रों ने मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं जगत प्रभा पब्लिक स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया। जेपी पब्लिक स्कूल में आयोजित बाल मेले का उद्घाटन भाजपा अध्यक्ष कन्हैया लाल पांडेय ने किया।

Dainik Jagran, Prayagraj(UP)

आरएएफ कैंप में मना बाल दिवस

प्रयागराज। शांतिपुरम स्थित 101 आरएएफ कैंप में स्थित मांटेसरी स्कूल में गुरुवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वाहिनी की कावाध्यक्ष सुनीता निगम ने जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कावाध्यक्ष ने बच्चों को पुरस्कार दिया। साथ ही जवाहर लाल नेहरू के योगदान के बारे में बच्चों को बताया। वाहिनी के कमांडेंट आरके निगम ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

आरएएफ फाफामऊ में सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चे • जागरण

Prabhat Khabar, Jamshedpur(JKD)

रैफ 106 के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

जमशेदपुर. सुंदरनगर स्थित रैफ 106 के अंतर्गत चलने वाले ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन गुरुवार को किया गया. समापन कार्यक्रम के बाद भोज का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण में भारत के विभिन्न राज्यों से आये प्रशिक्षणार्थियों को विधि – व्यवस्था की समस्या से निपटने के गुर सिखाये गये. प्रशिक्षण में सफल जवानों को सम्मानित भी किया गया. रैफ 106 के कमांडेंट पीके सिंह ने प्रशिक्षण लेने वाले सभी जवानों को बधाई दी.

सुंदरनगर : रैफ 106 में मनाया गया बाल दिवस

सुंदरनगर स्थित रैफ 106 के तत्वावधान में बाल दिवस मनाया गया. कैंप में रहने वाले अधिकारी व जवानों के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजयी होने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि अनिता सिंह ने पुरस्कृत किया. मौके पर रैफ 106 के कमांडेंट प्रमोद कुमार समेत कई अन्य मौजूद थे.

Scanned with CamScanner

Prabhat Khabar, Ghatshila(JKD)

सीआरपीएफ जवानों का प्रशिक्षण संपन्न

नरवा. सुंदरनगर स्थित रैफ 106 बटालियन परिसर में देश के विभिन्न भागों से आये चुनिंदा सीआरपीएफ के जवानों को दिये जा रहे परिवर्तन प्रशिक्षण क्रम संख्या 03 का प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हो गया. देश भर से आये चुनिंदा सीआरपीएफ जवानों को प्रशिक्षण के दौरान लॉ एंड ऑर्डर समस्या से निपटने के गुर सिखाये गये.

जिसमें उत्कृष्ट होने वाले जवानों एवं बुधवार को जवानों द्वारा रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुती में सफल कलाकारों को रैफ 106 बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया. मौके पर रैफ के सभी अधिकारी शामिल थे.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

MUSICAL CHAIR COMPETITION ON OCCASION OF CHILDRENS DAY-2019 AT 99 RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।